हानिलाभतुलसीसमुझि बासकरहुवसुयाम ८६॥

गये पलटि आवै नहीं है सो करु पहिचान ।
आजु जेइ सो कालहै तुलसी भरम न मान ८७ ॥
वर्त्तमान आधीन दोउ भावी भूत विचार ।
तुलसीसंशयमननकरु जो है सो निरुआर ८८ ॥
मानसउरवर मम मधुर राम सुयश शुचिनीर ।
उठेउछ्विजिनबुधिविमलभइ बुधिनहिं अगमअधीर८६
अलङ्कार कवि रीतियुत भूषण दूषण रीति ।
पारिजातवरणतविविध तुलसीविमलविनीति ९०
विनय विचार सुहृदता सो पराग रसगन्ध ।
कामादिकतेहिसरबसत तुलसीघाटप्रबन्ध ९१ ॥
प्रेम उमँग कवितावली चली सरित शुचिधार ।
रामबराबरि मिलनहित तुलसीहरषअपार ९२ ॥
तरल तरंग सुछन्दधर हरत द्वैत तरु मूल ।
वैदिकलौकिकविधिविमल लसतबिशदवरकूल ९३॥
सन्तसभा विमलानगरि सिगरिसुमंगलखानि ।
तुलसीउरसुरसरिसुता लसत सुथल अनुमानि ९४॥

मुक्त मुमुक्षू वर बिशद श्रोता त्रिविध प्रकार ।
ग्रामनगरपुरयुगसुतट तुलसीकहहिंविचार ६५ ॥
बाराणसी विराग नहिं शैलसुता मन होय ।
निमिअवधहिसरयुनतजै कहतसुकविसबकोय ६६॥
कहबसुनबसमुझबपुनः सुनिसमुझायबआन ।
श्रमहरघाटप्रबन्धवर तुलसीपरम प्रमान ६७ ॥

इति श्रीमद्गोसाईंस्वामीतुलसीदासविरचितायांसतश तिकायामात्मबोधनिर्देशोनामचतुर्थःसर्गः ॥ ४ ॥

यतन अनूपम जानु वर सकल कला गुणग्राम ।
अविनाशीअबयहअमल भौयहतनुधरिराम १ ॥
सदा प्रकाश सरूपवर अस्तन अपर न आन ।
अप्रमेय अद्वैत अज याते दुरत न ज्ञान २ ॥
जानहिं हैसा रसम कहैं तुलसी सन्त न आन ।
जाकी कृपा कटाक्षते पाये पद निर्वान ३ ॥
तजतसलिलअपिपुनिगहत घटतबढ़तनहिंरीति।
तुलसीयहगतिउरनिरखि करियरामपदप्रीति ४॥

चुम्बक इरहनसेतिजिमि संतन हरिसुखधाम।
जानतिरीच्चरसमसफरि तुलसीजानत राम ५॥
भरतहरत दरशतसबहिं पुनि अदरश सबकाहु।
तुलसी सुगुरुप्रसादवर होत परम पद लाहु ६॥
यथा प्रत्यक्ष सरूप बहु जानतहै सब कोय।
तथाहिलैगतिकोलखब असमंजसअतिसोय ७॥
यथा सकल अपिजात अप रविमंडल के माहिं।
मिलत तथा जिवरामपद होत तहां लै नाहिं ८॥
कर्मकोष सँग लैगयो तुलसी अपनी बानि।
जहांजाय बिलसै तहां परै कहां पहिचानि ९॥
ज्यों धरणीमहँ हेतु सब रहत यथा धरि देह।
त्योंतुलसीलैराममहँ मिलतकबहुँनहिंएह १०॥
शोषक पोषक समुभ्कशुचि राम प्रकाश सरूप।
यथातथाबिनुदेखिये जिमिआदरशअनूप ११॥
कर्म मिटाये मिटत नहिं तुलसी किये बिचार।
करतबही के फेरहै याविधि सार असार १२॥

एक किये हो दूसरो बहुरि तीसरो अंग ।
तुलसी कैसेहु नामरो अतिशय कर्मतरंग १३ ॥
इन दोउनते रहतभो कोउ न राम तजि आन ।
तुलसीयहगतिजानिहैंकोउकोउसन्तसुजान १४॥
सन्तनकोलै अमिसदन समुझहि सुगतिप्रवीन ।
कर्मविपर्यय कबहुँनहिं सदा रामरसलीन १५ ॥
सदाएकरस सन्तसिय निश्चय निशिकरजान ।
रामदिवाकरदुखहरण तुलसीशीलनिधान १६ ॥
सन्तनकीगति उरविजा जानहु शशि परमान ।
रमितरहतरसमेंसदा तुलसीरतिनहिंआन १७ ॥
जातरूपजिमिअनलमिलि ललितहोततनताय ।
सन्तशीलकरसीयतिमि लसहि रामपदपाय १८॥
आपुहिं बांधत आपु हठि कौन छुड़ावत नाहि ।
सुखदायकदेखतसुनत तदपिसोमाननमाहि १९ ॥
जौन तारते अधमगति ऊर्ध्वतौन गति जात ।
तुलसीमकरीतन्तुइव कर्म म कबहुँ नशात २० ॥

जहां रहत तहँ सह सदा तुलसी तेरी बानि ।
सुधरैविधिवशहोयजब सतसंगतिपहिचानि२१॥
रवि रजनी सघरा तथा इह अस्थिर अस्थूल ।
सूक्ष्मगुणको जीवकर तुलसी सो तनमूल २२ ॥
आवत अप रवि ते यथा जात तथा रविमाँहि ।
जहांते प्रकटतहीदुरत तुलसी जाननताहि २३॥
प्रकटभये देखत सकल दुरतलखत कोइकोय ।
तुलसीयहअतिशयअगम बिनगुरुसुगमनहोय २४॥
याजगजेनयहीननर बरबस दुख मग जाहि ।
प्रकटतदुरतमहादुखी कहँलगिकहियतताहि २५॥
सुखदुखमग अपने गहे मगकेहु गहत न धाय ।
तुलसीरामप्रसादबिनु सोकिमिजानो जाय २६॥
महितेरवि रविते अवनि सपनेहुँ दुखकहुँनाहि ।
तुलसीतबलगिदुखितअतिशशिमगुलहतनताहि २७
सन्तन की गति शीतकर लेश कलेश न होय ।
सोसियपदसुखदासदा जानुपरमपद सोय २८॥

तजतअमियशशिजानिजग तुलसीदेखतरूप।
गहतनहींसबकहँविदित अतिशयअमलअनूप २९॥
शशिकरसुखद सकल जगतको तेहि जानतनाहि।
कोककमलकरदुखदकरतदपि दुखदनहिंताहि ३०
बिन देखे समुझे सुने सोउ भौ मिथ्यावाद।
तुलसीगुरुगमकैलखै सहजहिमिटैविषाद ३१॥
बरषि बिश्वहरषितकरत हरतताप अघप्यास।
तुलसी दोष नजलदकर त्यों जड़करतजवास ३२
चन्द्र देत अमिलेतविष देखहु मनहिंविचार।
तुलसी तिमिसियसन्तवर महिमाबिशदअपार ३३
रसम विदित रविरूपलखु शीत शीतकर जान।
लसत योगयशकारभव तुलसीसम भसमान ३४॥
लेति अवनिरवि अंशकहँ देति अमिय अपसार।
तुलसी सूक्षमको सदारविरजनीशअधार ३५॥
भूमि भानु अस्थूल अप सकल चराचर रूप।
तुलसी बिनगुरुनालहै यहमतअमलअनूप ३६

तुलसी जे लयलीननर ते निशि करत न लीन ।
अपर सकल रविगतभये महाकष्टअतिदीन ३७ ॥
तुलसी कवनेहुँ योगते सतसंगति जब होय ।
राममिलनसंशय नहीं कहहिंसुमतिसबकोय ३८
सेवक पद सुखकर सदा दुखद सव्यपद जान ।
यथा विभीषणरावणहि तुलसीसमुझप्रमान ३९ ॥
शीत उष्ण कर रूप युग निशिदिनकर करतार ।
तुलसी तिनकहँ एकनहिं निरखहुकरिनिरधार ४०
नहिं नैनन काहू लख्यो धरत नाम सबकोय ।
ताते सांचो है समुझ झूँठकबहुँनहिंहोय ४१ ॥
वेदकहत सबको विदित तुलसी अमियस्वभाव ।
करतपानअपिरुजहरतअविरलअमलप्रभाव४२
गन्ध शीतअपि उष्णता सबहिंविदित जगजान ।
महिबनअनलसुआनिलगबिनदेखेपरमान ४३॥
इनमहँ चेतन अमलअल बिलखत तुलसीदास ।
सोपदगुरुउपदेश सुनि सहज होतपरकास ४४॥

यहि विधिते वर बोध इह गुरुप्रसाद कोउ पाव।
हैतेअजातिहुँकालमहँ तुलसीसहजप्रभाव ४५॥
काकसुता सुत वा सुता मिलत जननि पितु आय।
आदिमध्यअवसानगत चेतनसहजसुभाय ४६॥
ममतास्वारथहीन ते होत सुविशद विवेक।
तुलसीयहतिनहीं फबै जिनहिंअनेकनएक ४७॥
सब स्वारथ स्वारथ रटत तुलसी घटत न एक।
ज्ञानरहितअज्ञानरत कठिनकुमनकरटेक ४८॥
स्वारथ सोजानहु सदा जासों बिपति नशाय।
तुलसीगुरु उपदेशबिन सो किमि जानो जाय ४९॥
कारज स्वारथ हित करै कारण करै न होय।
मनवाऊषविशेष ते तुलसी समभहु सोय ५०॥
कारण कारज जानता सबकाहू परमान।
तुलसी कारजकार जो सो तें अपर न आन ५१॥
बिन करता कारज नहीं जानत हैं सबकोय।
गुरुमुखश्रवणसुनतनहिंप्राप्तिकवनविधिहोय ५२

करता कारण कारजहु तुलसी गुरु परमान ।
लोपतकरता मोहवश ऐसो अबुधमलान ५३ ॥
अनिलसलिल विधियोगते यथावीचि बहुहोय ।
करतकरावतनहिं कछुक करता कारणसोय ५४ ॥
क्षेम धरण करतार कर तुलसी पति परधाम ।
सोकरतरतासमनकोउ सब बिधिपूरणकाम ५५ ॥
करता कारण सारपद आवै अमल अभेद ।
कर्म्मघटतअपि बढ़तहैं तुलसीजानत वेद ५६॥
स्वेदज जवन प्रकारते आपु करै कोउ नाहिं ।
भयेप्रकट तेहिके सुनौ कौन बिलोकतताहि ५७॥
भयो विषमता कर्ममहँ समता किये न होय ।
तुलसीसमतासमुझकर सकलमानमदधोय ५८॥
समहितसहित समस्तजग सुहृदजानसबकाहु ।
तुलसीयहमतधारुउरदिनप्रतिअतिसुखलाहु ५९
यह मनमहँ निश्चयधरहु है कोउ अपर न आन ।
कासनकरतबिरोधहठि तुलसीसमुझप्रमान६०॥

महिजलअनलसुअनिलनभ तहांप्रकटतवरूप।
जानिजायबरबोधते अतिशुभअमलअनूप६१॥
जोपै आकसमात ते उपजे बुद्धि बिशाल।
नातो अतिछलहीन ह्वै गुरुसेवनकछुकाल ६२॥
कारजयुग जानहु हिये नित्य अनित्य समान।
गुरुगमते देखहिं सुजन कहतुलसीपरमान६३॥
महि मयंकअहिनाथको आदि ज्ञान भौ भेद।
ता बिधि तेई जीव कहँ होतसमुभविनखेद ६४॥
परो फेर निज कर्म महँ भ्रम भव का यह हेत।
तुलसीकहतसुजनसुनहु चेतनसमुभअचेत६५॥
नाम कार दूषण नहीं तुलसी किये बिचार।
कर्मनकी घटना समुभि ऐसे बरण उचार ६६॥
सुजन कुजन महिगत यथा तथा भानुशशिमाहिं।
तुलसीजानतहो सुखी होत समुभ बिन नाहिं६७
मातुतातभवरीति जिमि तिमितुलसी गतितोरि।
मातनतातन जानु नव है तेहिसमुभवहोरि ६८॥

सर्व सकल तें हैं सदा विश्लेषित सब ठौर ।
तुलसीजानहिंसुहृदजे तेअतिमतिशिरमौर ६९ ॥
अलंकार घटना कनक रूप नाम गुण तीन ।
तुलसी रामप्रसाद ते परखहिं परमप्रवीन ७० ॥
एक पदारथ विविध गुण संज्ञा अगम अपार ।
तुलसी सुगुरुप्रसाद ते पाये पद निरधार ७१ ॥
गन्धनमूल उपाधि बहु भूषण तनगण जान ।
शोभागुणतुलसीकहहिंसमुझहिंसुमतिनिधान७२
जैसो जहां उपाधि तहँ घटित पदारथ रूप ।
तैसोतहांप्रभासमन गुणगणसुमति अनूप ७३ ॥
जानु वस्तु अस्थिर सदा मिटत मिटाये नाहि ।
रूपनाम प्रकटत दुरत समुझिविलोकहुनाहि ७४॥
पेषरूप संज्ञा कहब गुण सुविवेक विचार ।
इतनोई उपदेशवर तुलसी किये विचार ७५ ॥
सदा सगुण सीतारमण सुखसागर बलधाम ।
जन तुलसी परखे परम पाये पदविश्राम ७६ ॥

सगुण पदारथ एकनित निर्गुण अमित उपाधि।
तुलसीकहहिंविशेषतेसमुझसुगतिसुठिसाधि ७७
यथा एकमहँ वेदगुण तामहँ को कहु नाहि।
तुलसीवर्नतसकलहैं समुझतेंकोउँकोउताहि ७८
तुलसी जानत साधुजन उदय अस्त गत भेद।
बिनजाने कैसे मिटै विविधजनन जन खेद ७९॥
संशय शोक समूल रुज देत अमित दुख ताहि।
अहिअनुगत सपने विविधचाहिपरायणजाहि ८०
तुलसी सांचो शापहै जबलगि खुलैं न नैन।
तोतबलगि जबलगि नहीं सुनैंसुगुरुबरबैन ८१॥
पूरण परमारथ दरश परसत जोलगि आश।
तोलगि रवनउत्थाननद जबलगिजलनप्रकाश ८२
तबलगि हमते सब बड़ो जबलगि है कछुचाह।
चाहरहितकहकोअधिक पायपरमपदथाह ८३॥
कारणकरताहै अचल अपि अनादि अजरूप।
ताते कारजविपलतर तुलसी अमलअनप ८४॥

करता . जानि न परतहै बिनगुरुवर परसाद।
तुलसीनिजसुखविधिरहितकेहिबिधिमिटैविषाद ८५
मृण्मयघट जानत जगत बिनकुलालनहिंहोय।
तिमितुलसी करतारहित कर्मकरै कहुँ कोय ८६॥
ताते करता ज्ञानकर जाते कर्म प्रधान।
तुलसीनालखिपाइहौ कियेअमितअनुमान ८७॥
अनूमान साक्षी रहित होत नहीं परमान।
कह तुलसी प्रत्यक्षजो सोकहुअपरकोआन ८८॥
मिति कारण करता सहित कारज किये अनेक।
जोकरता जानै नहीं तो कहु कवन विवेक ८९॥
स्वर्णकार करता कनक कारण प्रकट लखाय।
अलंकारकारजसुखद गुणशोभासरसाय ९०॥
चामीकर भूषण अमित करता कह तब भेद।
तुलसीजेगुरुगमरहित नाहिरमितअतिखेद ९१॥
तन निमित्त जहँ जो भयो तहां सोइ परमान।
जिनजानै मानै तहां तुलसी कहहिं सुजान ९२॥

मृणमयभाजन विविधविधि करतामन भवरूप।
तुलसी जानेते सुखद गुरु गम ज्ञान अनूप ९३॥
सबदेखत मृणभाजनहिं कोइ कोइ लखत कुलाल।
जाकेमनके रूपवह भाजनबिलखु विशाल ९४॥
एकै रूप कुलालको माटी एक अनूप।
भाजनअमित विशाललघु सोकरतामनरूप ९५॥
जहांरहत बरतत तहां तुलसी नित्यस्वरूप।
भूतन भावीताहिकहँ अतिशय अमलअनूप ९६॥
श्वास समीरप्रत्यच्च अप स्वच्छा दरशलखात।
तुलसी रामप्रसादबिन अविगतिजानिनजात ९७
तुलसी तलरहिजातहै युगतन अचलउपाधि।
यहगतितेहिलखिपरतजेहिभईसुमतिसुठिसाधि ९८
करता कारण कालके योग करम मतजान।
पुनःकालकरता दुरत कारण रहतप्रमान ९९॥

इति श्रीमद्गोसाईंस्वामीतुलसीदासविरचितायांसत
शतिकायांकर्म्मसिद्धान्तयोगोनामपंचमःसर्गः॥५॥

॥ दोहा ॥

जलथलतन गतहैसदा तेतुलसी तिहुँकाल ।
जन्ममरणसमुझेविना भाषतसमन विशाल १ ॥
तैंतुलसी करता सदा कारण शब्द न आन ।
कारणसंज्ञासुखदुखद विनगुरुतेहिकिमिजान २ ॥
कारजरतकरता समुझ दुखसुख भोगतसोय ।
तुलसी श्रीगुरुदेवबिन दुखप्रददूर नहोय ३ ॥
कारण शब्द स्वरूप में संज्ञागुण भवजान ।
करतासुरगुरुते सुखद तुलसीअपर नआन ४ ॥
गन्ध विभावरि नीररस सलिल अनल गतज्ञान ।
वायुवेगकहँ बिनलखे बुधजनकहहिं प्रमान ५ ॥
अनुस्वार अक्षर रहित जानत हैं सब कोय ।
कहतुलसीजहँलगिबरण तासुरहितनहिंहोय ६ ॥
आदिहु अन्तहु हैसोई तुलसी और न आन ।
बिनदेखे समुझेविना किमिकोइ करै प्रमान ७ ॥
रहितविन्दु सब बरणते रेफसहित सब जान ।

तुलसी स्वर संयोगले होत बरण पदमान ८॥
अनुस्वार सूक्षम यथा तथा बरण अस्थूल।
जोसुक्षम अस्थूलसो तुलसी कबहुँ न भूल ९॥
अनिलअनलपुनिसलिलरजतनगततनवतहोय।
बहुरिसोरजगतजलअनलमरुतसहितरविसोय१०
औरभेद सिद्धान्तयह निरखुसुमति करसोय।
तुलसीसुतभवयोगबिन पितुसंज्ञानहिंहोय ११॥
संज्ञाकहतव गुण समुझ सुनव शब्द परमान।
देखबरूप विशेष हैं तुलसी बेष बखान १२॥
होत पिता ते पुत्र जिमि जानतकोकहु नाहि।
जबलगिसुनपरसोनहीं पितुपदलहैनताहि १३॥
तिमि बरणन संज्ञा करे बरण बरण संयोग।
तुलसीहोयनबरणकर जबलगिबरणवियोग१४॥
तुलसी देखहुसफलकहँ यहिविधिसुतआधीन।
पितुपदपरखिसुहढ़भयो कोउकोउपरमप्रबीन १५
जहँदेखो सुतपद सकल भयो पितापद लोप।

तुलसीसोजानै सुई जासु अमोलिक चोप १६॥
ख्यातसुवनतिहुँलोक महँ महाप्रबलअतिसोइ।
जो कोइतेहि पाछे करै सोपर आगे होइ १७॥
तुलसीहोत नहीं कछुक रहित सुवन व्यवहार।
तोहींते अग्रजभयो सब विधि तेहि परचार १८॥
सुवनदेखिभूले सकल भय अति परमअधीन।
तुलसीजेहि समुझाइये सोमनकरतमलीन १९॥
मानतसो सांचो हिये सुनत सुनावत बादि।
तुलसीतेसमुझतनहींजोपदअमलअनादि २०॥
जाहि कहतहैं सकलसो जेहि कहतव सो ऐन।
तुलसीताहिसमुझिहिये अजहुंकछुचितचैन २१
तुलसी जोहै सो नहीं कहत आन सब कोय।
यहिविधि परमविडम्बना कहहुनकाकहँहोय २२॥
गुरुकरिबो सिद्धान्त यह होय यथारथ बोध।
अनुचितउचितलखायउरतुलसीमिटैविरोध २३॥
सतसंगति को फलयही संशय लहै न लेश।

हैअस्थिरशुचिसरलचित पावैपुनिनकलेश २४॥
जोमरबोपद सबनको यह लगि साध असाध।
कवनहेतु उपदेशगुरु सत संगति भवबाध २५॥
जो भावी कछु है नहीं झूठो गुरु सत संग।
ऐसिकुमतिते झूठगुरु सन्तन को परसंग २६॥
जौले लखि नाहीं परत तुलसी पर पद आप।
तौलगिसीहि विवशासकल कहतपुत्रको बाप २७॥
जहँलागि संज्ञा बरण भौ जासु कहे ते होय।
तो तुलसी से है सबल आन कहाकहु होय २८॥
अपने नैनन देखिजे चलहिं सुमति वरलोग।
तिनहिंनबिपतिबिषादरुजतुलसीसुमतिसुयोग २९॥
मृगागगन चरज्ञान विन करत नहीं पहिचान।
परवशशठहठतजंतमुखतुलसीफिरतभुलान ३०॥
कान्हकहो तेहितोहिं के जेहि उपदेशउ तात।
तुलसीकहतसोदुखसहतसमुझरहितहितबात ३१
बिनकाटे तरुवर यथा मिटै कवन विधि छांह।

त्यौंतुलसीउपदेशबिन निःसंशय कोउनांह ३२॥
अपनोकरतबआप लखि सुनिगुनिआप विचार।
तौतोहिंकहँदुखदाकहा सुखदासुमतिअधार ३३॥
ब्राह्मणवर विद्या विनय सुरति विवेक निधान।
पथरतिअनथअतीतमतिसहितदयाश्रुतिमान ३४
विनयछत्र शिर जासु के प्रतिपदपर उपकार।
तुलसीसोछत्री सही रहित सकलव्यभिचार ३५
वैश विनयमग पगधरै हरै कटुक वर बैन।
सदयसदाशुचिसरलता होय अचलसुखऐन ३६
शूद्र क्षुद्र पथरिहरै हृदय विप्र पदमान।
तुलसीमनसमतासुमतिसकलजीवसमजान ३७॥
हेतुचरण वरशुचि रहनि रसनिरास सुखसार।
चाहन काम सुरानरस तुलसीसुदृढ़ विचार ३८॥
यथालाभ सन्तोषरत गृह मग वन सगरीत।
सो तुलसीसुखमेंसदा जिनतनुविभवविनीत ३९
रहै जहां बिचरैं तहां कमी कहूँ कछु नाहिं।

तुलसीतहँ आनन्दसँग जातयथा सँगआहिं४०॥
कलकर्म जेहि को सदा सो मन दुखदातार।
तुलसीजोसमुझेमनहिं तोतेहिं तजैविचार ४१॥
कहतसुनत समुझतलखत तेहितेविपतिनजाय।
तुलसीसबते विलग हैं जब ते नहिं ठहराय४२॥
सुनतकोटि कोटिन कहत कौड़ी हाथ न एक।
देखत सकलपुराणश्रुतितापर रहितविवेक ४३॥
समुझत है सन्तोष धन याते अधिक न आन।
गहतनहीं तुलसीकहत ताते अबुध मलान४४॥
कहा होत देखे कहे सुनि समुझे सब रीति।
तुलसीजबलगिहोतनहिं सुखदरामपदप्रीति४५॥
कोटिन साधनके किये अन्तर मल नहिं जाय।
तुलसीजौलगिसकलगुणसाहितनकर्मनशाय ४६
चाहबनी जबलगि सकल तबलगि साधनसार।
तामहँअमित कलेशाकर तुलसीदेखविचार ४७॥
चाहकिये दुखिया सकल ब्रह्मादिक सबकोय।

निश्चलता तुलसीकठिन रामकृपा बशहोय४८॥
अपनोकर्म न आपकहँ भलो मन्द जेहि काल।
तबजानब तुलसीभई अतिशय बुद्धिविशाल४९
तुलसी अबलगि लखिपरत देह प्राणको भेद।
तब लगि कैसे कैमिटै करम जनित बहुखेद ५०॥
जोइ देह सोइ प्राणहै प्राण देह नहिं दोय।
तुलसी जोलखिपायहै सोनिरदय नहिंहोय ५१॥
तुलसी ते झूठो भयो करि झूठे सँग प्रीति।
हैसांचो होसांच जब गहे राम की रीति ५२॥
झूठी रचना सांच है रचत नहीं अलसात।
बरजतहू झगरत बिहठि नेकन बूझतबात ५३॥
करमखरी कर मोह थल अंक चराचर जाल।
हरतभरत भरहरगनत जगत जोतसीकाल ५४॥
कहन कालकिलसकल बुध ताकरयह व्यवहार।
उतपतिथितिलयहोतहै सकलतासुअनुहार ५५॥
अंकुर किशलय दल विपुल शाखायुतवरमूल।

फूलिफरलऋतुअनुहरततुलसीसकलसतूल५६॥
कहतब करतब सकलतेहि ताहि रहतनहिंआन।
जाननमाननआनविधिअनूमानअभिमान५७॥
हानिलाभ जयविधि विजय ज्ञानदान सनमान।
खानपानशुचिरुचिअशुचितुलसीविदितविधान५८
शालकपालकसम विषम रमभमगमगति ज्ञान।
अटघटलटनटनादिजट तुलसीरहितनजान५९॥
कठिन करम करणी कथन करता कारक काम।
कायकष्ट कारणकरम होतकाल समशाम ६०॥
खबर आतमा बोधवर खरविन कबहुँ नहोय।
तुलसी खसमविहीनजे तेखरतरनहिं सोय ६१॥
चितरतिवितव्यवहारेतविधिअगमसुगमजपनीच।
धीस्वरमधारणहरेण तुलसी परतनबीच ६२॥
शब्दरूप विवरन विशद तासुयोगभव नाम।
करतानृपबहुजातितेहि संज्ञासबगुणधाम ६३॥
नामजाति गुण देखिके भयो प्रबल उरमर्म।

तुलसी गुरुउपदेश बिन जानिसकै कोकर्म ६४ ॥
अपनकर्म वरमानिकै आपबँधो सब कोय।
कारजरतकरताभयो आपनसमुझतसोय ६५ ॥
कोकरता कारणलखै कारज अगम प्रभाव।
जोजहँ सोतहँ तरहरष तुलसी सहजसुभाव ६६॥
तुलसी बिनगुरुको लखै वर्त्तमान विधिरीत।
कहुकेहिकारणतेभयो सूर उष्णशशिशीत ६७ ॥
करता कारणकर्मते परपर आतम ज्ञान।
होतनबिनउपदेश गुरु जोषट्वेदपुरान ६८ ॥
प्रथम ज्ञान समुझैनहीं विधिनिषेध व्यवहार।
उचितानुचितहिहेरिधरि करतबकरियसँभार६९॥
जबमन महँ ठहरायविधि श्रीगुरुवर परसाद।
इहिविधि परमातमलखै तुलसी मिटैविषाद ७० ॥
बरबस करत विरोधहठि होनचहत अकहीन।
गहिमतिबकबृकस्वानइवतुलसी परम प्रवीन ७१
आककर्म भेषजविदित लखतनहीं मतिहीन।

तुलसीशठअकवशविहठिदिनदिनदीनमलीन७२
करताहीते कर्मयुग सोगुण दोष सरूप।
करतभोग करतबयथा होयरंककिनभूप ७३॥
वेदपुराणरुशास्त्रयुत निज बुधि बल अनुमान।
निजनिजकरिकरिहैबहुरिकहुतुलसीपरमान ७४॥
विविध प्रकार कथनकरै जाहियथाभव मान।
तुलसी सुगुरुप्रसादबल कोउकोउकहतप्रमान ७५
उरडरअतिलघु होनकी भवलघुसुरतिभुलान।
स्वर्गलाहलखिपरतनहिं लखतलोहकोहान ७६॥
नैनदोष निजकहतनहिं विविध बनावत बात।
सहतजानितुलसीविपतितदपिननेकलजात ७७॥
करत चातुरी मोहवश लखतननिजहितहान।
शुकमरकटइवगहतहठतुलसी परमसुजान ७८॥
दुखिया सकल प्रकारशठ समुझिपरतहीनाहिं।
लखतनकपटकमीनजिमि अशनभषतभ्रमनाहिं ७९॥
तुलसी निजमन कामना चहतशून्य कहँसेय।

वचनगायसबके विविध कहहुपयसकहिदेय ८०॥
बातहि बातहि बनिपरे बातहि बात नशाय ।
बातहि आदिहिदीपभव बातहिअन्तबताय ८१ ॥
बातहिते बनिआवई बातहिते बनि जात ।
बातहिते बरबगमिलत बातहिते बौरात ८२ ॥
बातविना अतिशय विकल बातहिते हरषात ।
बनतबात बरबातते करतबात बरघात ८३ ॥
तुलसी जाने बातबिन बिगरत हरइक बात ।
अनजानेदुखबातके जानिपरत कुशलात ८४ ॥
प्रेमबैर औपुण्य अघ यशअपयश जयहान ।
बातबीजइनसबनको तुलसी कहहिंसुजान ८५ ॥
सदाभजन गुरुसाधु द्विज जीवदया समजान ।
सुखद सनेरत सत्यव्रत स्वर्ग सप्तसोपान ८६ ॥
वंचक विधिरतनरतनय विधिहिंसाअतिलीन ।
तुलसी जगमहँ विदितवर नरकनिशेनीतीन ८७॥
जनर जगगुण दोपयुत तुलसी बदत विचार ।

कबहुँसुखीकबहूंदुखितउदयअस्तव्यवहार ८८ ॥
कारज जगके युगुलतम काल अचलबलवान ।
त्रिविधविकलतेतेहटहिंतुलसीकहहिंप्रमान ८९ ॥
अनुभव अमल अनूपगुरु कछुकशास्त्र गतिहोय ।
बचैकालक्रमदोषते कहहिं सुबुधसबकोय ९० ॥
सबविधि पूरणधामवर रामअपर नहिं आन ।
ताकी कृपा कटाक्षते होतहिये दृढ़ज्ञान ९१ ॥
सोस्वामी सोतर सखा सोवर सुखदा तार ।
तातमातआपदहरण सोआममयअधार ९२ ॥
सुखद दुखद कारज कठिन जानतको तेहिनाहिं ।
जानेहुपरबिन गुरुकृपा करतबबनतनकाहिं ९३ ॥
तुलसी सकल प्रधानहै वेदविदित सुखधाम ।
नामहैसमुझबकठिनअतियुगलभेदगुणनाम ९४
नाम कहत सुखहोतहै नामकहत दुखजाल ॥
नामकहतसुख जातदुरिनामकहतदुखखान ९५॥
नामकहत वैकुण्ठ सुख नामकहत अघखान ।

तुलसी तोतेउरससमुझि करहु नामपहिंचान ९६ ॥
चारों चौदह अष्टदश रससमुझब भरिपूर ।
नामभेदसमुझेविना सकल समुझमहँधूर ९७ ॥
बारदिवसनिशिमाससित असित बरषपरमान ।
उत्तरदक्षिणआशरवि भेदसकलमहँजान ९८ ॥
कर्मसुभाशुभ मित्रअरि रोदन हँसन बखान ।
औरभेदअतिअमितहैंकहँलगि कहियप्रमान ९९
जहँलगि जनदेखब सुनब समुझबकहबसुरीत ।
भेदरहितकछुहैनहीं तुलसीवदहिं विनीत १०० ॥
भेदयाहिविधि नाममहँ विनगुरु जाननकोय ।
तुलसीकहहिंविनीतवरज्योंविरंचिशिवहोय १०१।

इति श्रीमद्गोसाईंस्वामीतुलसीदासविरचितायांसम
शतिकायांज्ञानसिद्धान्तयोगोनामषष्ठःसर्गः ६ ॥

॥ दोहा ॥

तिनहिंपढ़े तिनहींसुने तिनहिं सुमति परगास ।
जिन आशा पाछे करे गहे अलम्बनीसास १ ॥

तबलगियोगी जगतगुरु जबलगि रहै निरास ।
जबआशामन में जगी जगगुरुयोगी दास २ ॥
हितपुनीतस्वारथसबहिअहितअशुचिबिनचाउ ।
निजमुख माणिकसमदशन भूमिपरत भौहाउ ३ ॥
निजगुणघटतननागनग हर्षि न पहिरत कोल ।
गुञ्जाप्रभु भूषण करै तानेवढ़े न मोल ४ ॥
देइ सुमन करिवासातिल परिहरिखरिरसलेत ।
स्वारथ हितभूतलभरे मनमें चकतन सेत ५ ॥
अँसुवन पथिक निराशते नरभुइसजलसरूप ।
तुलसी किनबंचे नहीं इनसब थलकेकूप ६ ॥
तुलसी मित्र महासुखद सबहिमित्रकी चाउ ।
निकटभये विलोपत सुखर एकळपाकर आउ ७ ॥
मित्रकोपवैरतरसुखद अनहित मृदुलकराल ।
द्रुमदलशिशिरसुखानरम्बरहनिदाघअनिलाल ८
खलनेरे गुण मानहिं मेटहि दाता चोप ।
जिमिजलतुलसीदेनगहिजलदकरततोहिलोप ९ ॥

वरषत हरषत लोगसब करषत लखतनकोय ।
तुलसी भूपति भानुसम प्रजाभागवशहोय १० ॥
मालीभानु कृशानु सम नीति निपुणमहिपाल ।
प्रजाभागवशहोहिंगेकबहिंकबहिं कलिकाल ११ ॥
समयपरे सुपुरुषनरन लघुकरिगनियन कोय ।
नायकपीपर बीजसम बचैतोतरुवरहोय १२ ॥
बड़े रामरत जगतमें कैपरहित चितजाहि ।
प्रेमपैंजनिबहीजिन्हें बड़ो सोसबहीचाहि १३ ॥
तुलसी सन्तनते सुनै सन्तत इहै विचार ।
तनधनचञ्चलअबलजगजुगजुगपरउपकार १४
ऊँचहि आपद बिभववर नीचहि दत्तनहोय ।
हानिवृद्धिद्विजराजकहँ नहिंतारदगणकोय १५ ॥
बड़ेरतहिं लघुके गुणहिं तुलसी लघुहिन हेत ।
गुञ्जाते मुक्ता अरुण गुञ्जा होतन श्वेत १६ ॥
होहिं बड़ेलघु समयसह तोलघुसकहिंनकाढ़ि ।
चन्द्र दूबरो कूबरो तऊ नखतते बाढ़ि १७ ॥

उरग तुरग नारी नृपति नर नीचो हथियार।
तुलसीपरखतरहबनित इनहिंनपलटतबार १८॥
दुरजन आप समान करि को राखै हित लागि।
तपततोयसहजाहिपुनिपलटिबतावतआगि १९॥
मन्त्र तन्त्र तन्त्री त्रिया पुरुष अश्वधन पाठ।
पुनि गुणयोग वियोगते तुरत जाहिं ये आठ २०॥
नीच निचाई नहिं तजै जो पावै सतसंग।
तुलसीचन्दनबिटपबसिबिनविषभयनभुजंग २१॥
दुरजन दरपण सम सदा करि देखो हिय दौर।
मनमुखकी गतिऔरहै बिमुखभयेकछुऔर २२॥
मित्रक अवगुण मित्रको पर महँ भापत नाहिं।
कूपछांह जिमि आपनी राखत आपहिमाहिं २३॥
तुलसीसो समरथ सुमति सुकृती साधु सुजान।
जोविचारिव्यवहरतजगखरचलाभअनुमान २४॥
सीख सखासेवक सचिव सुतिय सिखावनसांच।
सुनि करियेपुनिपरिहरिय परमनरंजनपांच २५॥

पुष्टिहिनिजरुचि काजकरि रुष्टहिकाज बिगारि।
तिया तनय सेवकसखा मनकेकण्टक चारि २६॥
नारिनगर भोजनसचिव सेवक सखा अगार।
सरसपरिहरे रंगरस निरस विषाद विकार २७॥
दीरघरोगी दारिदी कटुबच लोलुप लोग।
तुलसी प्राणसमानज्यों तुरितत्यागिबेयोग २८॥
धाय लगे लोहा ललकि खेंचिउ लेइय नीच।
समरथ पापी सों बयर तीन बेसाही मीच २९॥
तुलसी स्वारथ सामुह परमारथ तन पीठि।
अन्धकहे दुख पावकहि डिठियारेहियडीठि ३०॥
अनसमझेनं शोचवर अवशि समुझिय आप।
तुलसीआपनसमुझिबिनपलपलपरपरिताप ३१।
कूप खनहिं मन्दिर जरत लावहिं धारि बबूर।
बायलुनचहसमयबिन कुमतिशिरोमणिकूर ३२॥
निडरअनयकरि अनकुशल बीसबाहु समहोय।
गयोगयोकहसुमनिजनभयोकुमतिकहकोय ३३॥

बहुसुत बहुरुचि बहुवचन बहुअचार व्यवहार ।
इनको भलो मनाइबो इह अज्ञान अपार ३४ ॥
अपयश योग कि जानकी मणिचोरी की कान्ह ।
तुलसीलोगरिझाइबो करसिकातिबोनान्ह ३५ ॥
मांगि मधकरी खात जे सोवत पावँ पसारि ।
पाप प्रतिष्ठा बढ़ि परी तुलसी बाढ़ी रारि ३६ ॥
लही आंखि कब आंधरहिं बांझ पूत कब जाय ।
कब कोढ़ी काया लही जग बहराइच जाय ३७॥
या जगकी विपरीतगति काहि कहो समुझाय ।
जलजालिगोंझखबाधिगोंजनतुलसीमुसुकाइ ३८
कै जूझिबो कि बूझिबो दान कि काय कलेश ।
चारिचारु परलोक पथ यथायोग उपदेश ३९ ॥
बुध कि मानसर वेद बन मन खेत भव सींच ।
तुलसीकृषिगति जानिबो उत्तममध्यमनीच४० ॥
महिकुआलसामिनि असम पाय अनट अपमान ।
तुलसी धर्म न परिहरहिं ते वर सन्तसुजान ४१ ॥

अनहितज्यों परहित किये आपनहित तमजान ।
तुलसीचारुबिचारमति करियकाजसममान ४२ ॥
मिथ्यामाहुरसजनकहँ खलहिं गरल समसांच ।
तुलसीपरसिपरानजिमि पारदपावकआंच ४३ ॥
तुलसीखलबाणी बिमल सुनिसमुभबहियहेरि ।
रामराज बाधक भई मन्द मन्थरा चेरि ४४ ॥
दान दयादिक युद्ध के वीर धीर नहिं आन ।
तुलसीकहहिं बिनीतइति ते नरवर परमान ४५ ॥
तुलसी साथी बिपतिके विद्या बिनय बिबेक ।
साहस सुकृत सत्य व्रत राम भरोसा एक ४६ ॥
तुलसी असमयके सखा साहस धर्म बिचार ।
सुकृतशील स्वभावऋजु रामशरणआधार ४७ ॥
बिद्या बिनय बिबेक रति रीति जासु उर होय ।
रामपरायण सो सदा आपद ताहि न कोय ४८ ।
बिनप्रपञ्चखलु भीखभलि नहिं फलकिये कलेश ।
बामनबलिसोंलीन्हिछलिदीन्हसबहिउपदेश ४९ ॥

बिबुधकाज बामनबलिहि छलो भलो जियजानि ।
प्रभुतातजिबशभेतदपिमनतेगइनगलानि ५० ॥
बढ़े बढ़े ते छल करैं जनम कनौड़े होहिं ।
तुलसीश्रीपतिशिरलसैंबलिबामनगतिसोहिं ५१॥
खलउपकार बिकार फल तुलसी जान जहान ।
मेखटमरकटबणिक बक कथा सत्य उपखान ५२ ॥
ज्यों मूरख उपदेश के होते योग जहान ।
दुरयोधनकह बोधकिन आयेश्याम सुजान ५३ ॥
हितपरबढ़त बिरोध जब अनहित परअपमान ।
रामबिमुखबिधिबामगतिसगुन अघाय अमान ५४॥
साहसही सिख कोपबश किये कठिन परिपाक ।
शठ संकटभाजन भये हठि कुजतीकपिकाक ५५ ॥
मारिसौंह करि खोजलं करि मत सब बिन त्रास ।
भये नीच बिनमीचते जे इनके बिश्वास ५६ ॥
रीक आपनी बूझपर खीझ बिचार बिहीन ।
ते उपदेश न मानहीं मोह महोदधि मीन ५७ ॥

समुझि सुनीत कुनीतरत जागतही रह सोय ।
उपदेशिबो जगाइबो तुलसी उचित न होय ५८॥
परमारथ पथ मत समुझि लसत बिषयलपटान ।
उतरि चिताते अधजरी मानहुँ सतीपरान ५६॥
तजत अमिय उपदेश गुरु भजत विषय बिषखान ।
चन्द्रकिरणधोखेपयस चाटतजिमिशठश्वान ६०॥
सरस दतन तीरथ पुरिन निपट कुचालि कुसाज ।
मनहुँ मवासे मारिकलि राजत सहितसमाज ६१॥
चोर चतुर बटमार भट प्रभु पिय भरुआ भण्ड ।
सब भक्षी परमारथी कलिसुपन्थ पाखण्ड ६२॥
काल गँवार नृपाल कलि जमन महामहिपाल ।
सामनदामन भेदकलि केवल दण्डकराल ६३॥
काल तोपची तुपक महि दारू अयन कराल ।
पाप पलीता कठिन गुरु गोला पुहुमीपाल ६४॥
राग रोष गुण दोष को साक्षी हृदय सरोज ॥
तुलसी विकसतमित्रलखिसकुचतदेखि मनोज६५

बयर सनेह सयान पहि तुलसी जो नहिं जान ।
तेकि प्रेम पग मग धरत पशु बिन पूछ बखान ६६ ॥
रामदास यह जायकै जो नर कथहि सयान ।
तुलसी अपने खांड़ महँ खाक मिलावत श्वान ६७ ॥
त्रिबिधिएकबिधि प्रभुअगुणप्रजहिंसँवारहिं राउ ।
करते होत कृपाण को कठिन घोरघनघाउ ६८ ॥
काल बिलोकत ईश रुख भानु काल अनुहार ।
रबिहि राहु राजहिं प्रजाबुधब्यवहरहि बिचार ६९ ॥
यथा अमल पावन पवन पाप सुसंग कुसंग ।
कहिय सुवास कुवासतिमिकालमहीश प्रसंग ७० ॥
भलउ चलत पथशोच भय नृप नियोगनयनेम ।
कुतिय सुभूषण भूषियत लोहनिवारितहेम ७१ ॥
सुधा कुनाज सुजान पल आम अशन सम जान ।
सुप्रभु प्रजाहित लेहिकर सामादिक अनुमान ७२ ॥
पाके पक ए बिटप दल उत्तम मध्यम नीच ।
फलनरलहहिंनरेशतिमिकरिबिचारमनबीच ७३ ॥

धरणि धेनु चरि धरम तन प्रजा सुवत्सपन्हाय ।
हाथ कछू नहिं लागिहै किये गोष्ठकी गाय ७४॥
टंक टंक ह्वै परत गिरि शाखा सहस खजूरि ।
गरहिकुनृपकरिकरिकुनयसोकुचालभुविभूरि ७५॥
भूमि रुचिर रावणसभा अंगदपद महिपाल ।
धर्म रामनयसीमबल अचलहोततिहुँकाल ७६ ॥
प्रीति रामपद नीतिरत धर्म्म प्रतीय स्वभाय ।
प्रभुहिनप्रभुतापरिहरै कबहुँवचनमनकाय ७७ ॥
करके कर मनके मनहिं बचन बचन जियजानि ।
भूपतिभलाहिनपरिहरहिंबिजयबिभूतिसयानि ७८
गोली बाण सुमन्तसुर समुझि उलटि गति देखु ।
उत्तममध्यमनीचप्रभु वचनविचारविशेखु ७९ ॥
शत्रु सयाने सलिल इव राख शीश अपुनाव ।
बूड़तलखिडगमगतअतिचपरिचहूंदिशिधाव ८०
रख्यत राज समाज घर तन धन धर्म सुबाहु ।
सत्यसुसचिवहिसौंपिसुखबिलसहिंनिजनरनाहु ८१

रसना मन्त्री दशनजन तोष पोष सबकाज।
प्रभु कैसे नृपदानछक बालक राज समाज ८२॥
लकरी डौवा करछुली सरस काज अनुहारि।
सुप्रभुजुगहहिंनपरिहरहिंसेवकसखाविचारि ८३॥
प्रभु समीप छोटेबड़े अचल होहिं बलवान।
तुलसींविदितविलोकहींकरअँगुलीअनुमान८४॥
तुलसी भल बरणतबढ़त निजमूलहि अनुकूल।
सकलभांतिसबकहँसुखददलनसहितबिनफूल८५
सधन सगुण सधरम सगण सजनसुसबलमहीप।
तुलसी जे अभिमानबिन तेत्रिभुवनकेदीप ८६॥
साधनसमय सुसिद्धलहि उभयमूल अनुकूल।
तुलसी तीनोंसमयसम तेमहिमङ्गलमूल ८७॥
रामायण अनुहरत सिख जगभौ भारत रीति।
तुलसी शठकीकोसुनै कलिकुचालिपरप्रीति ८८॥
सुहितसुखद गुणयुत सदा कालयोग दुखहोय।
घरधनजारत अनलजिमित्यागेसुखनहिंकोय८९

तुलसी सरवर खम्भजिमितिमि चेतन पटमाहि ।
नहिंसूखतपनहुतनसो समुझसुबुधजनताहि ९० ॥
तुलसी झगरा बड़ेनके बीच परहु जनि धाय ।
लहै लोह पाहन दोऊ बीच रुई जरिजाय ९१ ॥
अर्थआदिहन परिहरहु तुलसी सहित विचार ।
अन्तगहन सबकहँसुने सन्तनमतसुखसार ९२॥
गहुउपकार विचारपद माफलहानि बिमूल ।
अहो जानु तुलसीयतन बिनजाने इव शूल ९३॥
नीचनिरावहिं निरसतरु तुलसी सींचहि ऊख ।
पोषतपयदसमानजल विषय ऊखके रूख ९४ ॥
लोक वेदहूँ लौंदगी नाम भूल को पोच ।
धरमराजयमराजयम कहतसँकोचनशोच ९५ ॥
तुलसी देवल रामके लागे लाख करोर ।
काकअभागे हगिभरे महिमा भयउ न थोर ९६ ॥
भलो कहहिं जाने विना की अथवा अपवाद ।
तुलसीगाँडरजानिजिय करहुनहरषबिषाद ९७ ॥

तन धन महिमा धर्मजेहि जाकहँ सहज अभिमान।
तुलसीजियतबिडम्बना परिणामहुगतिजान६८॥
बड़ो बिबुध दरबारतें भूमि भूप दरबार।
जापकपूजकदेखियत सहत निरादर भार ६६॥
खग मृग मीन पुनीतकिय बनहु रामने पाल।
कुनइबालरावणघरहिंसुखदबन्धुकियकाल१००।
रामलषण बिजयीभये सुनहु गरीब निवाज।
मुखरबालि रावणगये घरहीसहितसमाज १०१॥
द्वारे टाटन देसकहिं तुलसी जेनर नीच।
निदरहिंबलिहरिचन्द्रकहँकिहुकाकरनदधीच१०२।
तुलसी निज कीरति चहहिं परकीरति कहँखोय।
तिनकेमुंहमसिलागिहैमिटहिनमरिहैंधोय१०३॥
नीच चङ्ग सम जानिबो सुनिलखि तुलसीदास।
ढीलदेतमहिगिरिपरतखैंचतचढ़तअकास१०४॥
सह बीसी कांची भये पुरजन पाक प्रबीन।
कालचेपकिहिबिधिकरैतुलसीखगमृगमीन१०५।

बड़े पाप बाढ़े किये छोटे करत लजात ।
तुलसीतापर सुखचहतविधिपरबहुतरिसात १०६
सुमति निवारहिं परहरहिं दल सुमनहु संग्राम ।
सकल गये तनबिन भयेसाखीयादवकाम १०७॥
कलहन जान बिछोटकरि कठिन परम परिणाम ।
लगतअनलअतिनीचघरजरतधनिकधनधाम १०८
जभे ते भल बूझिबो भलो जीत ते हारि ।
जहांजाइजहँडाइबोभलो जोकरियबिचारि १०९॥
तुलसी तीन प्रकार ते हित अनहित पहिचान ।
बरबस परे परोसबश परेमामलाजान ११० ॥
दुरजन बदन कमानसम बचन बिमुञ्चततीर ।
सज्जन उरबेधत नहीं क्षमासमाह शरीर १११ ॥
कौरव पाण्डव जानिबो क्रोध क्षमा के सीम ।
पांचहिमारि न शैसके सयो निपाते भीम ११२ ॥
जो मधु दीन्हे ते मरे माहुर देउ न ताउ ।
जगजितिहारे परशुधर हारिजितेरघुराउ ११३ ॥

क्रोध न रसना खोलिये बड़खोलब तरवारि ।
सुनतमधुरपरिणामहितबोलबबचनबिचारि ११४
तुलसी मीठो समय ते मांगी मिले जुमीच ।
पुधासुधाकरसमंय बिन कालकूटते नीच ११५॥
पाहीखेती लगन बड़ि ऋण कुब्याज मगखेत ।
वैरआपते बड़नते कियो पांच दुखहेतु ११६॥
रीझ खीझ गुरु देत शिष शिषहि सुसाहब साध ।
तोरिखाय फल होय भल तरु काटे अपराध ११७॥
चढ़ोबबूरहि चंगजिमि ज्ञान ते शोक समाज ।
करमधरमसुखसम्पदातिमिजानिबोकुराज ११८॥
पेट न फूटत बिन कहे कहे न लागत ढेर ।
बोलबबचनविचारयुत समुझिसुफेरकुफेर ११९॥
प्रीति सगाई सकल विधि बनिज उपाय अनेक ।
कलबलछलकलिमलमलिनडहकतएकहिएक १२०

दम्भ सहित कलि धर्म सब छलसमेतव्यवहार ।
स्वारथसहितसनेहसबरुचिअनुहरतअचार १२१
धातु बधी निरु पाधिवर सद्गुरु लाभसुमीत ।
दम्भदरशकलिकालमहँपोथिनसुनबसुनीत १२२
फोरहिं मूरख शिल शदन लागे अढुक पहार ।
कायरकूरकपूतकलिघरघर सरिस उघार १२३ ॥
ज्यों जगदीश तो अतिभलो ज्यों महीश तो भाग ।
जन्मजन्मतुलसीचहतरामचरणअनुराग १२४ ॥
का भाषा का संसकृत विभव चाहिये सांच ।
काम तो आवे कामरी काले करिय कमाच १२५ ॥
बरण बिशद मुक्ता सरिस अर्थ सूत्र सम तूल ।
सतसैया जगकरबिशद गुणशोभासुखमूल १२६॥
वर माला बाला समति उरधारै युत नेह ।
सुखशोभा सरसायनित लहैराम पति गेह १२७॥

भूप कहहिं लघुगुणिन कहँ गुणीकहहिं लघुभूप ।
महिगिरिगतदोउलखत जिमि तुलसी खरबसरूप१२८

दोहा चारु विचारु चलु परि हरि बाद विवाद ।
सुकृतसीमस्वारथअवधिपरमारथमरयाद१२९ ॥

इति श्री मद्गोसाईं स्वामीतुलसीदास विरचितायांसप्तश
तिकायां राजनीतिप्रस्तावबर्णनोनामसप्तमःसर्गः७॥

इति ॥

